जिला चिकित्सालय को मिला एमडी विशेषज्ञ, शाहपुर को चिकित्सा अधिकारी

अर्चना चिटनिस की स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी सौगात

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों एवं प्रदेश सरकार के सकारात्मक सहयोग से बुरहानपुर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। इनमें जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में एम.डी.,मेडिसिन विशेषज्ञ की पदस्थापना विशेष रूप से उल्लेखनीय है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फोफनार एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी चिकित्सकों की नियुक्ति से स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी।

अर्चना चिटनिस के प्रयासों से पूर्व में भी जिला चिकित्सालय सहित जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में लगातार चिकित्सकों की पदस्थापना कराई गई है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में अनेक नवाचार,आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, उपचार व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण तथा विशेषज्ञ सेवाओं में निरंतर वृद्धि की गई है। परिणामस्वरूप आज जिला चिकित्सालय में मरीजों को पहले की अपेक्षा अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर उपचार उपलब्ध हो रहा है तथा गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अन्य शहरों पर निर्भरता भी कम हुई है।

लंबे समय से चिकित्सकों की कमी के कारण विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय अथवा अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। अब नई पदस्थापनाओं से स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। शाहपुर एवं फोफनार क्षेत्र सहित जिले के हजारों ग्रामीण परिवारों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही जिला चिकित्सालय की उपचार क्षमता भी और अधिक मजबूत होगी।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए गए, जिसके सकारात्मक परिणाम आज जिले को प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन नियुक्तियों से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा आमजन को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

चिटनिस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। बुरहानपुर जिले को चिकित्सकों की यह सौगात उसी जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिले के विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उनके प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

तीन सूने मकानों में चोरी , प्रोफेसर दंपत्ति के घर में छोड़ गए पत्थर

नवभारत न्यूज, नेपानगर। नगर में चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कुछ समय पहले ही मातापुर क्षेत्र में एक पान की दुकान पर चोरी की वारदात हुई थी तो वहीं अब फिर से एक बार चोरों ने नगर में जगह जगह सीसीटीवी लगे होने के बाद एक साथ तीन मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। एक मकान मालिक दोपहर में खंडवा से लौट आए जबकि दो पुणे और अन्य जगह पर हैं। उनके आने चोरी की वारदात में गई रकम की जानकारी सामने आएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दरअसल शनिवार रात अज्ञात बदमाशों ने डी.वन कॉलोनी में प्रोफेसर डॉ. बसंत कुमार सोनीए प्रोण् सीमा सोनी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यहां बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे। घर का सारा सामान बिखरा दिया। करीब 20 हजार रूपए नगदी और 50 हजार रूपए से अधिक के जेवर चुराकर ले गए। शनिवार शाम ही प्रोफेसर दंपत्ति अपने माता, पिता के पास खंडवा गए थे। खास बात यह है कि अज्ञात बदमाश प्रोफेसर दंपत्ति के घर में दो पत्थर भी छोड़ गए। बताया जा रहा है कि ताला तोड़ने के लिए बदमाशों ने इन पत्थरों का इस्तेमाल किया था। वहीं सोनी के पड़ोस में ही दो मकान सूने पड़े थे। उनके मालिक भी बाहर गए हुए हैं। एक पड़ोसी पुणे में है और दूसरे भी किसी अन्य शहर में हैं इसलिए चोरी की वास्तविक रकम की जानकारी सामने नहीं आई।

सूचना मिलने पर पहुंची टीम:- रविवार सुबह सूचना मिलने पर नेपानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घरों में बदमाशो ने सारा सामान बिखरा दिया था। हर सामान की चेकिंग कर रकम चोरी करने का प्रयास किया गया। प्रोफेसर दंपत्ति के यहां लिफाफे तक नहीं छोड़े। उसे भी देखने के बाद फाड़ दिए।

वृक्षारोपण एवं हस्ताक्षर अभियान उत्साहपूर्वक संपन्न, 25 पौधे लगाए गए

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी,शिकारपुरा कार्यालय में रविवार को वृक्षारोपण एवं किशोर कुमार को भारत रत्न मिलना चाहिए,विषयक हस्ताक्षर अभियान का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 25 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। प्रत्येक सदस्य ने एक.एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। साथ ही आयोजित हस्ताक्षर अभियान में अनेक सदस्यों एवं नागरिकों ने अपने हस्ताक्षर कर किशोर कुमार को भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग का समर्थन किया।

इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य दिलीप जोशी, उपाध्यक्ष सैयद शकील मुन्ना भाई,मधुकर वाघले ,कैलाश चानदोलकर, प्रशांत पांवड़े, प्रिया यादव, बलराम सुखदाने,भगवानदास शाह, सुनील चौधरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष विलास गोसावी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

संस्था ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान का चौथा चरण 29 एवं 30 जून को महाराष्ट्र के संभाजीनगर तथा जालना में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में संस्था का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विलास गोसावी,महासचिव संजय आर्य, सचिव संजय महाजन, कोषाध्यक्ष प्रफुल बरडिया, सदस्य कडू मेहरा, देवानंद इंगले सहित अन्य सदस्य भाग लेंगे।

पांचवा चरण 2 जुलाई 26 को दोपहर 12 बजे राजस्थानी भवन में होगा एवं शाम को होटल अंबिका में आयोजित किया गया है,हस्ताक्षर अभियान को उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिलने से इंदौर एवं भोपाल में भी आगामी सप्ताह शिविर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी संस्था कार्यालय द्वारा दी गई।

मन की बात विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा : भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ . माने

प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्व प्रसिद्ध रविवार को मन की बात कार्यक्रम 135 वें एपिसोड का लाइव प्रसारण देश और दुनिया में देखा और सुना गया। बुरहानपुर जिले में यह कार्यक्रम बुथ लेबल तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सुना व देखा तथा इस अवसर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक,प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके जीवन चरित्र एवं आपातकाल की नितियों पर भी चर्चा की गई।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने द्वारा ब्रह्मपुर में बूथ क्रमांक 84 पर यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित नागरिकों के साथ सामूहिक श्रवण किया।

उन्होंने बताया कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी, राष्ट्रनिर्माण और सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है, जो समाज को प्रेरणा, सेवा,नवाचार और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का संदेश देता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न जनहित एवं संगठनात्मक विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई।

संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद:- जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने ब्रह्मपुर में मन की बात कार्यक्रम के पश्चात महाबूथ क्रमांक 01 के श्री महाजनापेठ में भारतीय जनसंघ के संस्थापक,प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के राष्ट्रसेवा, त्याग, बलिदान एवं अखंड भारत के संकल्प पर विस्तार से विचार व्यक्त किए गए। उनके प्रेरणादायी जीवन,राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण तथा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के ऐतिहासिक संकल्प को स्मरण करते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को जन.जन तक पहुँचाने और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव के लिए समर्पित था। उनके विचार और आदर्श आज भी प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणा के अमूल्य स्रोत हैं।

एक नजर में

पल्स पोलियो अभियान का डॉ . पाटील ने किया शुभारंभ

ईच्छापुर। प्रथम पल्स पोलियो अभियान में ग्राम इच्छापूर में डॉ.रमाकांत पाटील ने बच्चे को पल्स पोलीयों की दो बुंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। ग्राम में कुल दस पल्स पोलियो के बुथ लगाए गए थे। जिसमे सुबह 8 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक कुल 1500 के लगभग बच्चों को दवा पिलाई गयी। जो बच्चे दवा पिने से वंचित रह गए होगें ।उन्हे दुसरे दिवस पल्स पोलीयों की दवाई पिलाई जायेगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की महीला सुपर वाइजर निर्मला पाटील, प्रभा कोल्हे ,अंगनवाडी कार्य कर्ता चंद्रकला तायेड, रुपाली चौधरी ,विमल भालेराव ,आशा कार्यकर्ता ज्योति महाजन, मिना पवार ,विमल वाणी आदी का सहयोग रहा।

मस्तिष्क एवं रीड की हड्डी का स्वास्थ्य शिविर

बुरहानपुर। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 28 जून रविवार को ऑल इज वेल हॉस्पिटल में मस्तिष्क एवं रीड की हड्डी के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 20 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.प्रवीण बोर्डे ;मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निरूशुल्क जनरल चेकअप,ब्लड प्रेशर एवं डत्प् की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार के ज्येष्ठ भ्राता के निधन पर अर्चना चिटनिस ने किया शोक व्यक्त, श्रद्धांजलि दी

बुरहानपुर। बुरहानपुर के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश अग्रवाल के ज्येष्ठ भ्राता दत्तुलाल अग्रवाल उम्र 78 वर्ष के विगत दिवस इंदौर में हुवे निधन पश्चात बुरहानपुर स्थित उनके निवास स्थान पहुचकर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व केबिनेट मंत्री ,विधायक बुरहानपुर श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी द्वारा शोक व्यक्त करते हुवे श्रद्वॉजली अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से अग्रवाल परिवार को संबल एवं ज्येष्ठ भ्राता दत्तुलाल अग्रवाल को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने प्रार्थना की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नरहरि दिक्षित , भाजपा मिडिया प्रभारी एवं संचालक सदस्य रेडक्रास सोसायटी मुकेश कुमार पुर्वे, रूद्रेश्वर एन्डोले,पार्षद प्रतिनिधी गोरव शिवहरे, नरेन्द्र उर्फ बंटी हासानंदानी, राहत मिर्जा बेग आदि ने भी शेक श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीएम राइज स्कूल भवन में पढ़ाई रुकने पर बवाल

इंदौर. जिले की सांवेर विधानसभा के ग्राम पलांकाकरिया स्थित नवनिर्मित ष्टरूराइज (सांदीपनि) स्कूल भवन को लेकर विवाद गहरा गया है. स्थानीय जनप्रतिनिधि पवन पटवारी ने आरोप लगाया कि नए भवन में शिक्षण कार्य शुरू होने के बाद भी कक्षाएं बंद कर विद्यार्थियों को दोबारा पुराने भवन में भेज दिया गया, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है. पवन पटवारी ने बताया कि 16 जून 2026 से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही नए भवन में पढ़ाई प्रारंभ कर दी गई थी। बाद में अचानक कक्षाएं बंद कर छात्रों को पुराने स्कूल भवन में स्थानांतरित कर दिया गया.

डॉ . ज्योति कापडिया 36 वें दीक्षान्त समारोह में शोध उपाधि से सम्मानित

बुरहानपुर। सेवा सदन महा विद्यालय, बुरहानपुर की सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति कापडिया को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर मेंआयोजित 36 वें दीक्षान्त समारोह में मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार द्वारा शोध उपाधि प्रदान की गई। यहाँ उल्लेखनीय है कि उक्त दीक्षान्त समारोह मे देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू , मध्यप्रदेश के राज्यपालश्री मंगुभाईपटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमाय उपस्थिति रही। डॉ. ज्योति कापडिया ने शोध उपाधि भौतिक शास्त्र विषय में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से डॉ. वाय. के. शर्मा एवंडॉ. एन. के. पाण्डेजी के मार्गदर्शनमेंप्राप्तकी। डॉ. ज्योति कापडिया को उपाधि प्राप्त होने पर सेवासदन शिक्षा समिति, बुरहानपुर की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की सेवा सदन शिक्षा समिति द्वारा संचालित संस्थाओं में 30 से अधिक प्राध्यापकों ने शोध उपाधि प्राप्त की है, जो कि पूरे निमाड़ क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इस का लाभ संस्था के विद्यार्थियों को मिल रहा है। इस अवसर पर सविच हसमुखलाल जरीवाला, सह-सचिव श्री के.डी. पटेल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एम.शकील ने शुभकामनाएँ प्रेषित की।

60 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

नेपानगर । एसपी आशुतोष बागरी ने पुलिस को ताकीद की है कि अवैध शराब विक्रय पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। इसके तहत नेपानगर थाना पुलिस को सफलता मिली है। एक आरोपी से 60 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया सउनि सुनिल दुबे आरक्षक लालसिंह को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चूना भट्टा गजानंद मंदिर के पास एक व्यक्ति अपनी मोटरसायकिल पर एक बोरी में अवैध कच्ची महुआ शराब लेकर बेचने की नीयत से बैठा हुआ है। सूचना पर विश्वास कर मुखबीर बताएं स्थान चूना भट्टा गजानंद मंदिर के पास पहुंचे। यहां एक व्यक्ति मोटरसायकिल पर हल्की पीले रंग की बोरी में रखे दिखा जो पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी जितेन्द्र पिता केसरिया गोरे 32 निवासी ग्राम डवाली को पकड़ा गया उसके कब्जे से बाइक और प्लास्टिक की पीले रंग की बोरी में अवैध कच्ची महुआ शराब मिली। उसे सफेद पन्नियों में भरकर रखा था। प्रत्येक पन्नी में आधा आधा लीटर की कच्ची महुआ शराब भरी हुई पाई गई। गिनती करने पर कुल 120 पन्नियों में पैक आधा आधा लीटर की होना पाई गई। कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब जब्त की गई। आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। 28 जून पल्स पोलियो दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को पोलियो की प्रथम खुराक ;दो बूंदद्ध पिलाकर विधिवत रूप से किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ.दर्पण टोके द्वारा आमजनों से अपील करते हुए कहा गया कि जन्म से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। पोलियो एक गंभीर एवं लाईलाज बीमारी है,जो बच्चों को जीवनभर के लिए दिव्यांग बना सकती है। इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय.समय पर पोलियो की खुराक एवं नियमित टीकाकरण है। उन्होंने सभी अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को पोलियो की प्रत्येक निर्धारित खुराक अवश्य दिलाएं तथा अभियान को शत.प्रतिशत सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। शुभारंभ अवसर पर जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. रविंद्र राजपूत,नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती सीमा डेविड,आयुर्वेदिक स्टूडेंट्स तथा जिला चिकित्सालय के पैरामेडिकल स्टॉफ , स्वास्थ्यकर्मी सहित अन्य उपस्थित रहे।

विश्व हिंदू महासंघ की नई जिला कार्यकारिणी घोषित ,अनिल महाजन बने जिलाध्यक्ष

गांव .गांव संगठन विस्तार का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में रविवार को विश्व हिंदू महासंघ मध्य प्रदेश की एक महत्वपूर्ण कार्यकारी बैठक हुई। इस बैठक में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष परदेसी के नेतृत्व में बुरहानपुर जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अनिल महाजन को विश्व हिंदू महासंघ बुरहानपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बुरहानपुर जिले में संगठन का विस्तार करना था। इस अवसर पर खंडवा से विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष राहुल बिसेन, अमित गुप्ता और जिला मीडिया प्रभारी अमित राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष परदेसी के मार्गदर्शन और सभी कार्यकर्ताओं की सर्वसम्मति से अनिल महाजन को जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसके अतिरिक्तए संतोष पाटिल को उपाध्यक्षए संतोष सोनी को महामंत्रीए गोपाल कालेकर को सचिव और ममता बाई को मातृ शक्ति की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष परदेसी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संगठन का एकमात्र लक्ष्य धर्मो रक्षति रक्षित: है। उन्होंने सनातन की रक्षा, गौ सेवा,संस्कार और हिंदू एकता के लिए घर.घर तक पहुंचने का आह्वान किया, विश्वास जताया कि यह नई टीम संगठन को नई ऊर्जा देगी।

दायित्व ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल महाजन ने प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष परदेसी और संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंन सेवा ही संकल्प के ध्येय के साथ काम करने का संकल्प लिया। महाजन ने कहा कि उनकी टीम बुरहानपुर जिले के प्रत्येक प्रखंड और गांव में विश्व हिंदू महासंघ की इकाई स्थापित करेगी और सनातन के कार्यों को धरातल पर उतारेगी।

बैठक में खंडवा जिला इकाई की सक्रिय भागीदारी भी रही। जिलाध्यक्ष राहुल बिसेन ने कहा कि संगठन में जिलों का आपसी समन्वय ही उनकी ताकत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बुरहानपुर और खंडवा मिलकर निमाड़ क्षेत्र में सनातन का परचम लहराएंगे। इस अवसर पर अमित गुप्ता और जिला मीडिया प्रभारी अमित राठौर भी मौजूद थे।

ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थान में साइबर चौपाल

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सेफक्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान संचालित किया जा रहा है। बुरहानपुर पुलिस द्वारा आज जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साइबर चौपाल लगाकर आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता पेम्फलेट भी वितरित किए .

एक नजर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता , विधायक अर्चना चिटनिस दीदी के निर्देशन में हो रहा जिर्णोद्वार कार्य ...

श्री प्रेमचंद हनुमान के नव निर्माणाधीन मंदिर की नींव पूजन के साथ रखी आधारशिला

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भगवान श्री रामचन्द्रजी के आशीर्वाद प्रभु श्री प्रेमचंद हनुमान जी के नव निर्माणाधीन मंदिर की नींव पूजा सनातन धर्म संस्कृति शास्त्रों सम्मत मुहुर्त समय में विधि.विधान पूर्वक आचार्य पंडित योगेश शर्मा महाराज द्वारा संत पुजारियों की गरिमामय उपस्थिति में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस दीदी के सुपुत्र युवा नेता समर्थ समीर चिटनिस के हस्ते सम्पन्न कराते हुए आधारशिला रखी गई ।

भगवान श्री राम के नाम की ईंट पूजन सामग्री के साथ नींव में रखते ही भक्तों श्रद्धालुओं की वर्षों से लंबित अपेक्षित मंदिर जिर्णोद्धार की कामना से आगे बढ़ कर संपूर्ण मंदिर का निर्माण कार्य अर्चना दीदी के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में तीव्र गति से प्रगति पथ पर अग्रसर है ।

विदित हो कि प्रदेस भाजपा प्रवक्ता, पूर्व केबिनेट मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस दीदी के मार्गदर्शन सानिध्य में श्री प्रेमचंद हनुमान मंदिर का भव्य नवनिर्माण हो रहा है ।मंदिर परिसर के सर्वांगीण विकास कार्यों में दीदी के मार्गदर्शन निर्देशन में अभी तक 500 फिट सीमेंट मार्ग , 225 फिट लम्बी 18 फिट ऊंची नींव में 06 फिट चौड़ी रिटर्निंग वॉल, लगभग 24 लीटर पानी संग्रहण हेतु भूमिगत टंकी के साथ पेयजल आपूर्ति के लिए बोरिंग ट्युबवेल कार्य किए गए हैं। प्रभु के भव्य मंदिर निर्माण के साथ ही संपूर्ण परिसर की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए बाउंड्री वॉल ,स्वागत द्वार परिसर का समतलीकरण कार्य किए जायेंगे ।

इस शुभ अवसर पर महंत स्वामी आत्म चैतन्य महाराज,पंडित बाल्या महाराज, भाजपा मीडिया प्रभारी मुकेश पूर्वे ,समाजसेवी सत्यनारायण लड्डा , पार्षद रुद्रेश्वर ऐंडोले ,वरिष्ठ पत्रकार ए. जी .कुरेशी ,नीलेश जुनागढे , जय कुमार तुलसवानी,मंदिर निर्माण प्रबंधक योगेश महाजन,साहेबराव शंखपाल, प्रेमचंद हनुमान मंदिर ट्रस्टी दिनेश सुगंधी ,धर्माराम चौधरी,विनोद साहू,लाहनु महाजन, गौरव खुराना,निर्माण कार्य ठेकेदार सलीम भाई सहित प्रभु भक्त श्रद्धालु सेवक उपस्थित रहे ।

मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक पुजारी पंडित आशीष शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पूजन विधान पश्चात अतिथि का ट्रस्ट द्वारा परंपरागत रूप से स्वागत सम्मान अभिनंदन किया गया।